# University in News on 20 April 2020

## AMAR UJALA MY CITY Page 5

### सकारात्मक सोच से ही हारेगा कोरोना

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में रविवार को छात्र कल्याण अधिष्ठाता की ओर से कोरोना महामारी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए वेबीनार का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इसका शुभारंभ किया।



लविवि में वेबिनार का आयोजन

प्रो. सुधीर मेहरोत्रा ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना वायरस महामारी के संक्रमण से बचाव के उपाय ही सबसे जरूरी हैं। जंतु विज्ञान विभाग की प्रो. मोनीषा बनर्जी ने कहा कि मानव कोशिकाओं में इसका संक्रमण फैलता है। इस बीमारी से बचाव के लिए वैक्सीन बनाने पर शोध चल रहा है। मैथमेटिक्स एवं एस्ट्रोनॉमी डिपार्टमेंट की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अलका मिश्रा ने इस महामारी के सामाजिक तथा वाणिज्यिक दुष्प्रभाव के बारे में बताया और कहा कि लॉकडाउन पीरियड में सभी की मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है तथा नकारात्मकता की भावनाएं आती हैं। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि इस कठिन समय में हम सभी लोग पॉजिटिविटी बनाए रखें। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने सभी को धन्यवाद दिया।

## NBT Page 4

### लखनऊ यूनिवर्सिटी भी तैयार

शहर में कोरोना वायरस जैसी महामारी से निपटने के लिए लखनऊ यूनिवर्सिटी (एलयू) ने भी कमर कस ली है। विश्वविद्यालय में मौजूद बायो सेफ्टी लैब-टू को अपग्रेड किया जा रहा है। कोरोना की जांच से संबंधित



उपकरणों के साथ लैब को अपग्रेड करने के लिए शासन को करीब ₹80 लाख बजट का प्रपोजल भेजा गया है। इसके साथ शासन से 15 दिन का समय भी मांगा है। प्रस्ताव पास होने के बाद कोरोना की टेस्टिंग की जाएगी।

**वहीं,** केजीएमयू में शनिवार को हुई बैठक में यह तय हुआ कि कोरोना वायरस की टेस्टिंग में करियर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस ऐंड हॉस्पिटल एलयू का सहयोग करेगा, जबकि केजीएमयू मेंटॉर की भूमिका में रहेगा। जानकारी के मुताबिक, एलयू के जूलॉजी विभाग की हेड और रिसर्च स्कॉलर्स टेस्टिंग करेंगे। जूलॉजी विभाग की प्रो. मुनीषा बनर्जी के मुताबिक, जूलॉजी की लैब में बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद हैं, जिन्हें बस अपग्रेड करने की जरूरत है, जिसके लिए 15 दिन का समय मांगा है।

> **“हमारे पास टेस्टिंग के लिए एक्सपर्ट हैं, लेकिन उपकरण की जरूरत है। इनमें पीपीई किट, हाई डिग्री डीप रेफ्रिजरेटर, पीसीआर टेस्टिंग किट, बायो मेडिकल वेस्ट की जरूरत होगी। बायो मेडिकल वेस्ट के लिए हमें जगह की भी जरूरत होगी।** *-प्रो. आलोक कुमार राय, वीसी, एलयू*

## PIONEER Page 4

### वेबिनार के जरिए दी कोरोना पर जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में रविवार को वैश्विक कोरोना वायरस महामारी के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक वेबीनार का आयोजन किया गया। इस वेबीनार का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय द्वारा किया गया।

अपने उद्बोधन भाषण में प्रोफेसर राय ने इस संकटकाल में लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा किए गए विभिन्न इनीशिएटिव्स की जानकारी दी। तत्पश्चात प्रोफेसर पूनम टंडन इस सेमिनार के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। पहला लेक्चर जीव रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुधीर मेहरोत्रा द्वारा दिया गया। उन्होंने वैश्विक करोना वायरस महामारी के संक्रमण के तरीके, इससे बचाव के उपाय, इस बीमारी के लक्षण तथा दुनिया के विभिन्न हिस्सों में इस बीमारी के संक्रमण की विस्तृत जानकारी दी। दूसरा लेक्चर विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग की प्रोफेसर मनीषा बनर्जी द्वारा दिया गया। उन्होंने विस्तार पूर्वक कोरोना वायरस की संरचना, इसकी मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, जेनेटिक्स तथा मानव कोशिकाओं में किस प्रकार इसका संक्रमण फैलता है इन विषयों पर बात की। साथ ही साथ उन्होंने पूरे विश्व में इस बीमारी से बचाव के लिए वैक्सीनेशन बनाने पर चल रहे शोध तथा विभिन्न प्रकार के इलाज पर प्रकाश डाला। आखिरी व्याख्यान मैथमेटिक्स एवं एस्ट्रोनॉमी डिपार्टमेंट की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अलका मिश्रा द्वारा वायरस महामारी के कारण मनुष्य को कौन-कौन सी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है इस पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने इस महामारी के सामाजिक तथा वाणिज्यिक दुष्प्रभाव के बारे में बताया और कहा कि लॉक डाउन पीरियड में सभी की मानसिक हेल्थ प्रभावित होती है तथा नकारात्मकता की भावनाएं आती हैंए इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि इस कठिन समय में हम सभी लोग पॉजिटिविटी बनाए रखें।

